# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 28/07/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**


**Hindustan, Meerut, (UP)**

# सीआरपीएफ का 84वां स्थापना दिवस मनाया

मेरठ, संवाददाता। बुधवार को वेदव्यासपुरी स्थित लोक व्यवस्था अकादमी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का 84वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के क्वार्टर गार्ड में ध्वजारोहण किया गया।

डीआईजी अखिलेश कुमार सिंह ने सलामी ली, साथ ही सीआरपीएफ के शहीद हुए जवानों, अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई।

वेदव्यासपुरी स्थित सीआरपीएफ कैंप में धूमधाम से स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर सीआरपीएफ के डीआईजी अखिलेश कुमार सिंह ने बल के गौरवपूर्ण इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को नीमच, मध्य प्रदेश में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में की गई थी। आजादी के बाद 1949 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के रूप में परिवर्तित किया गया। अब चाहे नक्सलवाद से ग्रस्त एवं अशांत पूर्वोत्तर राज्य हों अथवा आतंकवाद से त्रस्त जम्मू व कश्मीर उन सभी की स्थिति संभालने की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को ही दी जाती है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव हों, देश के प्रमुख धार्मिक संस्थान जैसे अयोध्या में रामलला की सुरक्षा, काशी विश्वनाथ मंदिर अथवा देश के किसी भी राज्य में उपद्रव/दंगा आदि की समस्याएं हो सीआरपीएफ एवं उसकी आरएएफ की वाहिनियां समाज एवं आम जनों के साथ सामंजस्य बनाते हुए इन सभी कार्यों का दृढ़ता एवं ईमानदारी से निर्वहन कर रही हैं।



बुधवार को सीआरपीएफ का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

## स्थापना दिवस पर बास्केटबॉल मैच हुआ

सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रशिक्षणार्थियों एवं द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की विभिन्न वाहिनियों से प्रशिक्षण प्राप्त करने आए जवानों के बीच बास्केटबॉल मैच का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट सदा राम सिंह, हरीश चन्द्र सिंह नेगी, नीरज कुमार झा, अजीत कुमार आदि रहे।

Jagruti Doot, Jaipur, (RAJ)

# आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत द्रुत कार्य बल ने किया राष्ट्रीय ध्वज वितरण



## विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा- सहायक कमांडेंट श्रवणलाल मीणा

जागृति दूत

**जमवारामगढ़ (जयपुर)** 83 वाहिनी द्रुत कार्य बल लालवास जयपुर ने भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान को आगे बढ़ाते हुए सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में जयपुर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थल अल्बर्ट हॉल म्यूजियम, हवा महल, आमेर पैलेस, जल महल, स्टेप अहेड स्कूल एवं निजी स्कूलों में जा कर आमजन को राष्ट्रीय ध्वज वितरण किये गये इस अवसर पर राजू लाल मीणा उप कमांडेंट एवम श्रवण लाल मीणा सहायक कमान्डेंट ने आम जन को विभिन्न स्थलों पर ध्वज वितरण के दौरान बताया की 15 अगस्त 2022 को देश आजादी की 75 वर्षगांठ मनायेगा। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा 75 सप्ताह पूर्व आज़ादी का अमृत महोत्सव का आगाज किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी के माध्यम से 13-15 अगस्त तक सभी घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराना है इस प्रयास में सरकारी और निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे। तीन दिन तक 100 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे इस कार्यक्रम के दौरान राजू लाल मीणा उप कमांडेंट के साथ श्रवण लाल मीणा सहा0 कमा0, वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी जवान एवं आमजन उपस्थित रहे।

Jagat kranti, Jaipur, (RAJ)

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने मनाया सीआरपीएफ का 84 वां स्थापना दिवस



जगत क्रान्ति

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 84 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर शहीदों की शहादत को याद किया गया। शहीदों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सीआरपीएफ का स्थापना दिवस रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिहं पायल ने बटालियन शहीद स्मारक पर जाकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बटालियन क्वाटर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिहं पायल ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सुनेहर इतिहास को याद करते हुए जवानों के अद्यम्य साहस और देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की। साथ ही जवानों को देश में कानून व्यवस्था को बनाये रखने में रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से की जा रही ड्यूटियों और कार्यो की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार से ड्यूटी का निर्वहन करने का आग्रह किया। भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने और देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने के लिए जवानों को प्रेरित किया। सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रैपिड एक्शन फोर्स 13 बटालियन कैम्प परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अधिकारीयों ने भिन्न-भिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये। इसके अलावा अन्तर समवाय वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता टीम और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। बुधवार शाम को बड़े खाने और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

# नम आंखों से शहीदों की शौर्य गाथा को किया याद

**कारगिल दिवस**

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। कारगिल युद्ध (1999) की 23वीं बरसी पर शहीद हुए भारतीय सैनिकों को पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मंगलवार को पुलिस लाइन गोलमुरी स्थित वार मेमोरियल पर पुष्प चक्र चढ़ा और सलामी देकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में आर्मी कैंप सोनारी के कर्नल एवी मुगल के प्रतिनिधि के रूप में मेजर विकास कुमार कमल एवं नायब सुबेदार जितेंद्र कुमार, गोलमुरी पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर धर्मेंद्र कुमार भी शामिल हुए।

इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दुनिया की सबसे ऊंची और दुर्गम चोटियों पर हुए इस महत्वपूर्ण युद्ध में भारतीय सेना के 527 जवान वीरगति को प्राप्त हुए एवं लगभग 1300 सैनिक घायल हुए थे। इतने बलिदान के बाद आज के दिन भारतीय सेना ने टाइगर हिल पर विजय पताका फहराया था। उस दिन से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रद्धांजलि देने वालों में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बृज किशोर सिंह, जिला संयोजक राजीव रंजन, जिला मंत्री दिनेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष हवलदार रमेश सिंह उपाध्यक्ष डॉ. कमल शुक्ला कोषाध्यक्ष अमित कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष बृजकिशोर सिंह ने किया। इसे सफल बनाने में सार्जेंट अशोक श्रीवास्तव, भोला प्रसाद सिंह, सतनाम सिंह, चंद्रमा सिंह, बरमेश्वर पांडे, विजय शंकर पांडे, मुन्ना दुबे, उत्पल सिन्हा, रामाशंकर सिंह, अजय कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह आदि ने भूमिका निभाई।

- कारगिल विजय दिवस की 23वीं बरसी मनाई
- सेना के मेजर व पुलिस के सार्जेंट मेजर शामिल



एक्सेलेंट रूसी मोदी फॉर सेंटर में मंगलवार को करगिल दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते एनडीआरफ की टीम। • हिन्दुस्तान

## अटल चौक पर मनाया गया कारगिल दिवस

जमशेदपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा संस्थान की ओर से सोनारी के राममंदिर अटल चौक पर मंगलवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मौके पर देश के वीर शहीदों पुष्प अर्पित किया गया और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। मौके पर देवेंद्र सिंह, अशोक सिंह, प्यारे लाल साहू, महेंद्र यादव, प्रदीप सिंह आदि थे।

# को ऑपरेटिव में शहीद के परिजन को किया सम्मानित

जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता। जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में मंगलवार को कारगिल दिवस मनाया गया। इस दौरान एनसीसी की सीटीओ डॉ. स्वाती सोरेन द्वारा शहीद संजय कुमार की पत्नी सीमा देवी को उनके आवास पर जाकर शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

इससे पहले कॉलेज में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के बर्सर डॉ एसएन ठाकुर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सीटीओ डॉ स्वाती सोरेन ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एसएन ठाकुर ने कहा कि शहीद के कारण ही हम आजादी के खुले आसमान के नीचे सांस ले रहे हैं। सीटीओ डॉ. स्वाती सोरेन ने कहा कि देश सेवा के लिए मन में जज्बा होना चाहिए।

## एनसीसी कैडेट्स ने जलाई अमर ज्योति

जमशेदपुर। करीम सिटी कॉलेज के एनसीसी (37 बटालियन, झारखंड) ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्विज, कविता तथा पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। एनसीसी कैडेट्स को कारगिल युद्ध में लड़ते हुए भारतीय सेना के बहादुर जवानों के वीडियो दिखाए गए। कारगिल युद्ध के शहीदों का स्मारक भी दिखाया गया और सलामी पेश की गई। इस अवसर पर अमर ज्योति भी प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज उपस्थित थे। प्राचार्य ने कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर अमित कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF






**106RAF DISTRIBUTED NATIONAL FLAGS UNDER "HAR GHAR TIRANGA" PROGRAMME, JAMSHEDPUR, (JKD)**

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**